वस्त्र मंत्रालय

मंत्रिमंडल के लिए माह अक्टूबर, 2022 का मासिक सारांश

1. महत्वपूर्ण नीति : शून्य

2. महत्वपूर्ण उपलब्धियां:

I. दो एफडीआई प्रस्ताव, अर्थात यामा रिबन मैन्युफैक्चरर प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स ग्रीन बेसिल फैब इंडिया को , क्रमशः 200 करोड़ रूपए और 1.25 करोड़ रूपए कीमत की स्वीकृति दी गई और डीपीआईआईटी को इसकी सिफारिश की गई थी।

II. अक्टूबर, 2022 के दौरान संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस) के तहत जारी की गई सब्सिडी 62.96 करोड़ रूपए है।

III. वस्त्र मंत्रालय के तहत विकास आयुक्त (हथकरघा) ने हथकरघा उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए दिनांक 14.10.2022 से 20.10.2022 तक भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र, नई दिल्ली में एक सप्ताह की प्रदर्शनी सह बिक्री हथकरघा एक्सपो का आयोजन किया। बुनकर मुद्रा योजना के तहत , अक्टूबर 2022 में, 624 मुद्रा ऋण स्वीकृत किए गए।

IV. उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अक्टूबर, 2022 में 64 आवेदकों का चयन किया गया और 55 चयनित प्रतिभागियों को स्वीकृति पत्र भेजे गए। लगभग 1536 करोड़ रूपए का निवेश किया गया है।

V. बीज कपास की अखिल भारतीय आवक लगभग 8.70 लाख गांठ थी। इस मौसम में अक्टूबर 2021 से सितंबर 2022 तक कपास की कुल आवक भी 8.70 लाख गांठ हुई है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में यह लगभग 57% कम है। चूंकि बाजार में कपास की कीमत एमएसपी से ऊपर चल रही है, इसलिए कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने अक्टूबर, 2022 के दौरान एमएसपी अभियान के तहत कपास की खरीद नहीं की है।

VI. विशेष अभियान 2.0 के तहत, वस्त्र मंत्रालय की उपलब्धि इस प्रकार है:

क्र.सं.	मदें	लक्ष्य	उपलब्धियां
(i)	सांसदों से संदर्भ	46	37
(ii)	संसदीय आश्वासन	32	2
(iii)	लोक शिकायत	24	22
(iv)	पीएमओ संदर्भ	01	01
(v)	समीक्षा की गई फाइलें	30,542	14,424

(vi)	छंटनी की गई फाइलें	12,242	12,424
(vii)	बंद की गई ई-फाइलें	697	697
(viii)	अभियान साइटें	333	333
(ix)	स्क्रैप निपटान (राजस्व उत्पन्न)	000	रु . 44,46,467/-
(x)	लोक शिकायत अपील	21	19
(xi)	खाली किया गया स्थान	00	48798 वर्ग फुट

VII. आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत गतिविधियाँ:

- सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर दिनांक 31.10.2022 को नई दिल्ली में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम मनाया गया।

....